पत्र सूचना कार्यालय

भारत सरकार

केंद्रीय गृह सचिव ने केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह कि अध्यक्षता में 21 जून को हुई बैठक में दिल्ली में कोविड की स्थिति के बारे में लिए गए विभिन्न फ़ैसलों के कार्यान्वयन की समीक्षा की

गृह मंत्री द्वारा निर्देशित सभी निर्णय सुचारू और समयबद्ध तरीके से लागू किए गए हैं और दिल्ली के लिए एक कोविड रिस्पोंस योजना को अंतिम रूप दिया जा चुका है

केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा निर्धारित समयसीमा के अनुसार दिल्ली में कोविड प्रकोप वाले सभी क्लस्टर समेत कंटेनमेंट ज़ोन के पुनर्निर्धारण का काम 26 जून तक पूरा हो जाएगा

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के निर्देशानुसर दिल्ली में 'सीरोलॉजिकल सर्वे' पर भी चर्चा ; 27 जून से एनसीडीसी (NCDC) और दिल्ली सरकार संयुक्त रूप से यह सर्वे करेंगे

दिल्ली: 26 जून, 2020

केंद्रीय गृह सचिव ने 25 जून को एक बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह की अध्यक्षता में 21 जून को हुई बैठक में दिल्ली में कोविड की स्थिति के बारे में लिए गए विभिन्न फ़ैसलों के कार्यान्वयन की समीक्षा की। बैठक मे दिल्ली के मुख्य सचिव और स्वास्थ्य सचिव के साथ ही नीति अयोग के सदस्य डा. वी के पाल, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान(AIIMS) के निदेशक डा. रणदीप गुलेरिया और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR) के महानिदेशक बलराम भार्गव भी शामिल हुए।

गृह सचिव ने इस बैठक में जाना कि केन्द्रीय गृह मंत्री द्वारा निर्देशित सभी निर्णय सुचारू और समयबद्ध तरीके से लागू किए गए हैं और दिल्ली के लिए एक कोविड रिस्पोंस योजना को अंतिम रूप दिया जा चुका है। इसके साथ ही दिल्ली में कोविड से संबंधित कार्यों के लिए जिला स्तरीय टीमों का भी गठन किया गया है।

बैठक में यह भी बताया गया कि केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा निर्धारित समयसीमा के अनुसार दिल्ली में कोविड प्रकोप वाले सभी क्लस्टर समेत कंटेनमेंट ज़ोन के पुनर्निर्धारण का काम 26 जून तक पूरा कर लिया जाएगा। साथ ही घर-घर स्वास्थ्य सर्वे भी 30 जून को संपन्न हो जाएगा।

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के निर्देशानुसर दिल्ली में 'सीरोलॉजिकल सर्वे' पर भी चर्चा की गई। एनसीडीसी और दिल्ली सरकार संयुक्त रूप से यह सर्वे करेंगे। सर्वेक्षण 27 जून से शुरू होगा और सभी संबंधित सर्वे टीमों का प्रशिक्षण कल पूरा हो गया।

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने दिल्ली के घनी आबादी वाले क्षेत्रों में कोविड संक्रमण को रोकने व पता लगाने के लिए आरोग्य सेतु और इतिहास ऐप्स के उपयोग की भी मंज़ूरी दी थी। दिल्ली सरकार की जिला टीमों को एनसीडीसी प्रशिक्षकों द्वारा ऐप्स के संयुक्त उपयोग पर कल प्रशिक्षण दिया गया।

***

एनडब्ल्यू/आरके/पीके/एडी/डीडी